समाचार

# बी.सी.पी.पी. कालोनी की समस्याओं पर आयुक्त ने ली एन.टी.पी.सी. व बालको प्रबंधन की बैठक

## (कालोनी की साफ–सफाई, कचरे के व्यवस्थापन एवं वहॉ की स्वच्छता व समस्याओं के निराकरण पर कार्य करने को कहा)



कोरबा 21 अगस्त 2025 –आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज बी.सी.पी.पी.कालोनी की समस्याओं को लेकर एन.टी.पी.सी. व बालको प्रबंधन के अधिकारियो की बैठक ली, उन्होने कहा कि कालोनी में रह रहे नागरिकों का हक है कि उन्हें आवश्यक मूलभूत सुविधाएं मिले, अतः वहॉ की समस्याओं को दूर करने, नियमित साफ–सफाई कराने व उचित प्रबंधन किए जाने का कार्य प्रतिष्ठान करें।

यहॉ उल्लेखनीय है कि एन.टी.पी.सी. कालोनी कृष्णाविहार में बालको की बी.सी.पी.पी. कालोनी स्थित है, जहॉ पर नियमित साफ–सफाई, कचरे का संग्रहण आदि का कार्य नहीं हो रहा, साथ ही वहॉ पर अन्य समस्याएं भी व्याप्त हैं, इसकी जानकारी प्राप्त होने पर विगत दिनों महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने भी बी.सी.पी.पी. कालोनी का दौरा कर वहॉ की समस्याएं देखी थी तथा निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। वहॉ आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने भी बी.सी.पी.पी.कालोनी का दौरा किया, मेयर इन काउंसिल सदस्य एवं वार्ड पार्षद श्री अजय कुमार चन्द्रा व निगम अधिकारियों के साथ कालोनी का भ्रमण करते हुए उन्होने वहॉ की समस्याओं का जायजा लिया तथा इस संबंध में एन.टी.पी.सी. व बालको प्रबंधन की बैठक बुलाई। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित

कक्ष में आयुक्त श्री पाण्डेय ने दोनों प्रतिष्ठानों के अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि कालोनी में रह रहे नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए, कालोनी में साफ–सफाई का बेहद अभाव है, वहॉ न तो नियमित सफाई के कार्य हो रहे, और न कचरे का प्रबंधन किया जा रहा है, अतः इस दिशा में प्रतिष्ठान अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक के दौरान एन.टी.पी.सी. के अधिकारियों ने कहा कि उक्त कालोनी में 360 आवासगृह स्थित हैं, जिनमें पानी, बिजली व सीवर संबंधी कार्यो के लिए उन्हें बालको प्रबंधन से राशि मिलती है तथा यह कार्य हम करते हैं, किन्तु कालोनी की नियमित साफ–सफाई, कचरे का संग्रहण व अपशिष्ट का प्रबंधन का कार्य बालको प्रबंधन का है, अतः बालको इस कार्य को करें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने बालको प्रबंधन से कहा कि इस संबंध में वे अपने दायित्व को निभाएं तथा साफ–सफाई के नियमित कार्य हों, कचरे का उचित प्रबंधन हो, डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण की व्यवस्था हो, वहॉ पर गार्डन भी है, जो उजाड़ स्थिति में है, उसकी हालत सुधरनी चाहिए, अतः बालको प्रबंधन इस दिशा में कार्य करें। बालको प्रबंधन के अधिकारियों ने कहा कि कालोनी की एक बार सम्पूर्ण सफाई का कार्य कराने के साथ ही वहॉ पर नियमित सफाई कार्य व कचरा प्रबंधन पर हम कार्य करेंगे किन्तु कचरा डम्पिंग की समस्या वहॉ पर रहेगी, इस पर एन.टी.पी.सी. प्रबंधन ने कचरा डम्पिंग की समस्या पर विचार करने का आश्वासन दिया।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, बालको के एक्सटर्नल अफेयर हेड कुशाग्र कुमार, एन.टी.पी.सी के ए.जी.एम. शशिशेखर, बालको के लैण्ड एण्ड लीगल टीम हेड प्रमोद नायक, एन.टी.सी.सी. के सीनियर मैनेजर शशांक झाजेड, निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जोन कमिश्नर तपन तिवारी आदि उपस्थित थे।